हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 21 जून -- 2026 समय 1305 (05 मिनट)

देशभर में आज 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस वर्ष का विषय है – बढती उम्र के प्रभाव को रोकने के लिए योग। मुख्य आयोजन आज पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में हुआ यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योगाभ्यास कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि योग पूरे विश्व को साथ जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

भारत में हिमालय से लेकर हिन्द महासागर तक, पूर्वात्तर और पूर्व में, बंगाल से लेकर पश्चिम में स्वराष्ट्र तक पूरा देश योग की ऊर्जा से चैतन्य से भरा हुआ नजर आ रहा है। पूरा विश्व एक दूसरे से जुड़ा हुआ नजर आ रहा है और यही तो योग की ताकत है। योग सबको जोड़ता है। मैं इस अवसर पर पूरे विश्व को, संपूर्ण मानव समुदाय को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बहुत -बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

श्री मोदी ने योग को शारीरिक और मानसिक शांति प्राप्त करने का एक उतकृष्ट साधन बताया।

योग हमें जीवन को बैलेंस वे में जीने की कला सिखाता है। योग हमें डूज़ और डॉन्ट्स सिखाता है और जब हम हमारे शरीर को सही ढंग से चलाना सीख लेते हैं तो स्वास्थ्य हमारा स्वभाव बन जाता है। साथियों योग केवल हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर ही फोकस नहीं करता, योग मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग दिखाता है।

****

हरियाणा में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर हरियाणा योग आयोग , आयुष विभाग और पंचकुला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में पंचकुला के परेड ग्राउंड में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की ।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव,16 देशों से आए छात्र छात्राओं, भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, हरियाणा पुलिस के जवानों, विभिन्न योग संस्थाओं मूक बधिर बच्चों, दिव्यांगजनों, पंचों सरपंचों , स्वयंसेवी संस्थाओं, महाविद्यालयों, विद्यालयों, सभी विभागों के पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने योगाभ्यास किया। मुख्यमंत्री ने योग दिवस पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह अवसर भारत की उस सनातन चेतना का उत्सव है जिसने हजारों वर्षों से मानव मात्र को शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का मार्ग दिखाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पौधारोपण किया और आयुष विभाग की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सात योग संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया। प्रदेश के अन्य जिलों से भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

****

डिजिटल भारत निधि कोष के तहत दूरसंचार क्षेत्र में एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत बीएसएनएल को देश के ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में डेढ़ करोड़ एफटीटीएच कनेक्शन देने का लक्ष्य दिया गया है। अंबाला में दूरसंचार विभाग के महाप्रबंधक कृष्ण बिहारी मीणा ने बताया कि योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और दूरसंचार सेवाओं को शहरी क्षेत्रों के समान गुणवत्तापूर्ण और स्थायी बनाना है।

श्री मीणा ने कहा कि इसके लिए ग्राम पंचायतों को रिंग नेटवर्क से जोड़ने की परियोजना पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीएसएनएल पहले ही इस योजना के तहत करीब 20 हजार कनेक्शन उपलब्ध करा चुका है।

****

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 15 जून से 14 जुलाई 2026 तक चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तिरंगा पार्क में मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। नागरिकों को अपने निर्वाचक नामावली विवरणों के सत्यापन एवं अद्यतन के लिए प्रेरित करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यक्रम स्थल पर एक हेल्प डेस्क स्थापित किया गया जहां मतदाता पंजीकरण, निर्वाचक नामावली में संशोधन तथा अन्य संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, SIR अभियान के उद्देश्य एवं महत्व से संबंधित सूचना पुस्तिकायें भी वितरित की गई। जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें नागरिकों ने निर्वाचन अभिलेखों के समयबद्ध सत्यापन एवं अद्यतन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

****